SUNDAY | 20.04.2025 | वैशाख कृष्ण-सप्तमी विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

महानगर वर्ष 57 | अंक 92 | पृष्ठ : 22+4 | मूल्य : सात रुपये बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO.9:MIDDLE

# विद्या वर्ल्ड स्कूल ने चौथी बार जीती ट्रॉफी

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के फाइनल मुकाबले में विद्या वर्ल्ड स्कूल ने एसआर इंटरनेशनल को नौ विकेट से मात दी। विद्या वर्ल्ड स्कूल ने चौथी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है।

एसआर के कप्तान शुभ गंगवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम 13.3 ओवरों में 36 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्या वर्ल्ड की टीम का पहला विकेट पहली ही गेंद पर गिर गया। फिर संभल कर खेलते हुए विद्या वर्ल्ड ने इस लो स्कोरिंग मैच को 3.2 ओवर में आसानी से अपने नाम किया। 2.3 ओवर में सिर्फ चार रन देकर चार विकेट हासिल करने वाले विद्या वर्ल्ड के गेंदबाज प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### फाइनल में बासुबरल के स्थान पर एसआर को मिला मौका

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती ने बताया कि शुक्रवार को बासुबरल सरस्वती स्कूल और एसआर इंटरनेशनल स्कूल के बीच हुए सेमीफाइनल मुकाबले में बासुबरल सरस्वती स्कूल ने एसआर इंटरनेशनल स्कूल को छह विकेट से मात दी थी। मैच के बाद एसआर इंटरनेशनल स्कूल के कप्तान और कोच ने बासुबरल सरस्वती स्कूल के एक खिलाड़ी को अयोग्य बताया। जांच में शिकायत सही मिलने पर बासुबरल स्कूल को फाइनल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इसके बाद एसआर इंटरनेशनल स्कूल की टीम को फाइनल में खेलने का अवसर दिया गया।

## विजेता हुए सम्मानित

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार दिए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने खिलाड़ियों को बधाई दी। एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार को मैन ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी दी गई। एसआर इंटरनेशनल के प्रतीक पाल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, विद्या वर्ल्ड के गेंदबाज लकी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, डीपीएस के दिव्यांशु को सर्वश्रेष्ठ फील्डर, डीपीएस के गोलकीपर जेब खान को गोल्डन गलव्स और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के हर्षित को गोल्डन बूट के खिताब से नवाजा गया। इस दौरान रिचा मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. सोवन मोहंती, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीपीएस को हराकर आर्मी स्कूल बना चैंपियन



इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम। स्रोत : आयोजक

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शनिवार को डीपीएस को 2-0 से हराकर आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग की टीम चैंपियन बनी। आयुष शर्मा मैन ऑफ द मैच बने। फाइनल मुकाबले के पहले हाफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। 29वें मिनट में ऋषि यादव ने गोल करे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग को बढ़त दिलाई। आयुष शर्मा ने 55वें मिनट में गोल कर बढ़त को 2-0 कर दिया। डीपीएस के खिलाड़ी मैच के अंतिम क्षणों तक आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग की रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाए। मुकाबले में व्यवधान डालने के चलते रेफरी निष्कर्ष सिंह कंडारी, संजय कुशवाहा, प्रमोद पंत और आशू भारती ने डीपीएस के चार खिलाड़ियों को यलो कार्ड दिखाया। संवाद